**ई–मेल सर्वोच्च प्राथमिकता/कोर्टकेस**

प्रेषक,

**निदेशक,**
प्रशासन एवं विकास,
पशुपालन विभाग,
उ0प्र0 लखनऊ।

सेवा में,

1–समस्त संयुक्त निदेशक,डी0एफ0एस0 उ0प्र0।
2–संयुक्त निदेशक, सघन भेड़ एवं ऊन विकास प्रायोजना मिर्जापुर।
3–संयुक्त निदेशक, वृहद भेड़ प्रजनन प्रक्षेत्र, भैसोडा नौगढ़, चन्दौली।
4–समस्त अपर निदेशक ग्रेड–2,पशुपालन विभाग,उ0प्र0।
5–प्रधानाचार्य आदर्श प्रशिक्षण एवं उत्पादन केन्द्र, बी0के0टी0 लखनऊ।
5–उप निदेशक, (प्रक्षेत्र) महानगर लखनऊ।

संख्या 1637 /स्था0–3/विधि प्रकोष्ठ दिनांक– 12-8-16

विषय– **मा0 उच्च न्यायालयों द्वारा पारित आदेशों के अन्तर्गत मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन के द्वारा की जाने वाली कार्यवाही की मानीटरिंग हेतु विकसित साफ्टवेयर में प्रविष्टि के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया मा0 उच्च न्यायालय द्वारा समय–समय पर पारित आदेशों में मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन से कतिपय कार्यवाहियों को सम्पादित करने के लिए मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन द्वारा आन्तरिक अनुश्रवण करने हेतु एक साफ्टवेयर विकसित किया गया है। उक्त साफ्टवेयर में वांछित जानकारियों की प्रविष्टि हेतु प्रारूप तैयार किया गया है। शासन के पत्र संख्या– 73मु0स0/37–2–16 दिनांक7 25 जुलाई 2016 द्वारा उक्त प्रारूप संलग्न करते हुये पूर्ण रूप से भर कर शासन को शीघ्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये हैं।

इस सम्बन्ध में शासन द्वारा प्राप्त प्रारूप की प्रति संलग्न करते हुये इस कार्यालय के पत्र संख्या 1552/स्था0–3/विधि प्रकोष्ठ दिनांक 4.8.2016 द्वारा ई–मेल व पत्र प्रेषित कर आपको निर्देशित किया गया है कि अपने अधीनस्थ जनपदों से समस्त वादो की पूर्ण स्थिति प्राप्त कर निर्धारित प्रारूप पर मण्डल/जनपदवार सूचना 03 दिन के अन्दर उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें। स्पष्ट हो कि वांछित सूचना मण्डल/जनपदवार हो तथा जनपदीय अधिकारी को सूचना सीधे इस कार्यालय को प्रेषित किये जाने के निर्देश न दिये जाये परन्तु अभी तक वांछित सूचना आपसे प्रतीक्षित है जिसके कारण सम्पूर्ण सूचना संकलित कर शासन को प्रेषित किया जाना सम्भव नही हो पा रहा है। अतः आपको पुनः निर्देशित किया जाता है कि वांछित सूचना स्पष्ट रूप से इस कार्यालय को विशेष वाहक के माध्यम से उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें अन्यथा की स्थिति में पूर्ण उत्तरदायित्व आपका होगा ।

**संलग्नक–उपरोक्तानुसार।**

भवदीय

**(डा0 राजेश बाबू वार्ष्णेय)**
निदेशक,
प्रशासन एवं विकास।

संख्या /स्था0–3/विधि प्रकोष्ठ दिनांक–

प्रतिलिपि विशेष सचिव, पशुधन अनुभाग–1, उ0प्र0 शासन को शासन के पत्र संख्या– 2013/37–1–2016 दिनांक– 28 जुलाई 2016 के कम में सूचनार्थ प्रेषित।

**(डा0 राजेश बाबू वार्ष्णेय)**
निदेशक,
प्रशासन एवं विकास।